किसी भी परीक्षा के लिए बेहतर नोट्स केवल SarkariHelp.com पर उपलब्ध



# समसामयिकी घटना संग्रह

1. हाल ही में भारत के किस राज्य में सिंगल लेन स्टील केबल सस्पेंशन (लटकता हुआ) पुल का उद्घाटन किया गया ?
उत्तर–अरुणाचल प्रदेश
2. अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् का 105वाँ सदस्य कौन बना है?
उत्तर–यूएसए क्रिकेट
3. 9-20 जनवरी, 2019 के मध्य पुणे, महाराष्ट्र में संपन्न खेलों इंडिया यूथ गेम्स, 2019 में कौनसा राज्य ओवर ऑल पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?
उत्तर–महाराष्ट्र
4. 15 जनवरी, 2019 को संपन्न विजय मर्चेंट ट्रॉफी 2018-19 का खिताब किसने जीता?
उत्तर–हरियाणा
5. एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले 5वें भारतीय क्रिकेटर कौन हैं?
उत्तर–महेंद्र सिंह धौनी
6. आस्ट्रेलिया में एकदिवसीय मैचों में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध 5 शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर कौन हैं?
उत्तर–रोहित शर्मा
7. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 कब प्रभावी हुआ था?
उत्तर–1 अप्रैल, 2010
8. हाल ही में पाकिस्तान में प्रांतीय खैबर पख्तूनख्वा सरकार द्वारा प्राचीन धार्मिक हिन्दू स्थल 'पंज तीरथ' को राष्ट्रीय विरासत घोषित किया गया. यह कहाँ स्थित है ?
उत्तर–पेशवार
9. दिसम्बर, 2018 में मातृत्व लाभ कार्यक्रम 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' के तहत् सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन राज्य कौन-कौनसे हैं?
उत्तर–आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश एवं मध्य प्रदेश
10. हाल ही में कुंभ मेला क्षेत्र प्रयागराज में 29 दिनों के 'संस्कृति कुंभ' का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया?
उत्तर–रामनाईक
11. 21 दिसम्बर, 2018 को नीति आयोग ने सतत् विकास लक्ष्य भारत सूचकांक, 2018 जारी की. इसमें स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता उपलब्ध कराने में, असमानता कम करने में और पर्वतीय पारिस्थितिकी को संरक्षित करने में किस राज्य ने उच्च स्थान प्राप्त किया?
उत्तर–हिमाचल प्रदेश
12. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में पारादीप-हैदराबाद के बीच पाइप लाइन के कार्य का शुभारंभ किया इस पाइप लाइन की लम्बाई लगभग कितनी होगी?
उत्तर–1250 किमी
13. 25 दिसम्बर, 2018 को हरियाणा के मुख्यमंत्री ने डिजिटल हरियाणा के तहत् 37 विभागों की 485 योजनाओं का कहाँ पर शुभारंभ किया?
उत्तर–करनाल
14. क्वालिटी कार्उंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किए गए तीसरे पक्ष के आकलन के आधार पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कितने हवाई अड्डों को एकल उपयोग वाली प्लास्टिक की वस्तुओं से मुक्त घोषित किया गया है.
उत्तर–16
15. हाल ही में संसद द्वारा उच्चजातियों के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने हेतु किस संशोधन विधेयक को पारित किया गया?
उत्तर–124वाँ संशोधन विधेयक, 2019
16. दिसम्बर 2018 में स्वतंत्र बाजार अनुसंधान कम्पनी, इप्सोस इंडिया द्वारा जारी 'धारणा सर्वेक्षण, 2018' में भारत का स्थान है–
उत्तर–बारहवाँ
17. भारत में हाल ही में एलिजा (Enzyme & Linked Immune Sorbent Assay) किट्स जारी किया गया. यह किट्स ग्लैंडर्स रोग के साथ अन्य किस रोग की जाँच के लिए उपयुक्त है?
उत्तर–घोड़ों के संक्रामक खून की कमी रोग हेतु
18. 27 दिसम्बर, 2018 को नीति आयोग ने आकांक्षी जिलों की दूसरी डेल्टा रैंकिंग जारी की. इस रैंकिंग में किस जिले ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया?
उत्तर–विरुधुनगर
19. हाल ही में भारत-चीन डिजिटल सहयोग प्लाजा का शुभारंभ भारतीय कम्पनियों एवं चीनी उद्यमों को मंच पर लाने हेतु किया गया.
उत्तर–एकल कृत्रिम बुद्धिमत्ता सक्षम
20. हाल ही में जारी 'सेलिब्रिटी ब्रांड मूल्यांकन रिपोर्ट 2018' में किसे शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ?
उत्तर–विराट कोहली
21. जम्मू एवं कश्मीर राज्य में किसकी अध्यक्षता में विधि आयोग का गठन किया गया?
उत्तर–एम.के. हंजूरा
22. श्रीलंका के केन्द्रीय बैंक को किस देश ने 40 करोड़ अमरीकी डॉलर का विनिमय प्रदान किया?
उत्तर–भारत
23. हाल ही में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) द्वारा इमारतों को ऊर्जा दक्ष बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस संस्था के साथ समझौता किया गया?
उत्तर–बी.ई.ई.
24. विश्व आर्थिक मंच के अनुसार भारत का उपभोक्ता व्यय वर्ष 2030 तक कितने ट्रिलियन होने की संभावना व्यक्त की गई?
उत्तर–6 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर
25. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) द्वारा स्वयं निर्मित पहला एलएनजी आयात टर्मिनल कहाँ स्थापित किया गया है?
उत्तर–एन्नौर
26. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर कितने रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया?
उत्तर–₹ 100

किसी भी परीक्षा के लिए बेहतर नोट्स केवल SarkariHelp.com पर उपलब्ध

किसी भी परीक्षा के लिए बेहतर नोट्स केवल SarkariHelp.com पर उपलब्ध

# समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ



## निर्वाचन/नियुक्तियाँ

### अजीत मोहन

जनवरी 2019 में अजीत मोहन ने फेसबुक इंडिया के नए उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया. इनकी नियुक्ति की घोषणा सितम्बर 2018 में हुई थी. इस पद पर इन्होंने उमंग बेदी का स्थान लिया है. इससे पूर्व वह ऑनलाइन वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'हॉटस्टार' के सीईओ के रूप में कार्यरत् थे.

### सुल्तान अब्दुल्ला

सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह को 25 जनवरी, 2019 को देश के शाही परिवारों के सदस्यों ने मलेशिया के नए राजा के रूप में चुना है. 59 वर्षीय नए राजा को पहले मलेशियाई राज्य पहांग का सुल्तान नियुक्त किया गया था. उन्होंने हाल ही में अपना पद छोड़ने वाले केल्तन के सुल्तान मुहम्मद वी. की जगह ली थी.


सुल्तान अब्दुल्ला

### वी. वैद्यनाथन

भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी 2019 में तीन वर्षों की अवधि के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एमडी और सीईओ के रूप में वी. वैद्यनाथन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. दिसम्बर 2018 में IDFC बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी कैपिटल फर्स्ट ने अपना विलय किया.


वी. वैद्यनाथन

### सी.ए. कटप्पा

कर्नाटक के सी.ए. कटप्पा को 26 दिसम्बर, 2018 को भारत पुरुष मुक्केबाजी का मुख्य नया कोच नियुक्त किया गया है. वह इस पर सेवानिवृत्त एस.आर. सिंह का स्थान ग्रहण करेंगे. वर्ष 2018 में कटप्पा को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया गया था.

### राजीव सचदेवा

एयर मार्शल राजीव सचदेवा ने 26 दिसम्बर, 2018 को इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टॉफ (संचालन) के उपप्रमुख का पदभार ग्रहण किया. इस पदभार को ग्रहण करने के पूर्व वे हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंसस्टॉफ के चार विंगों में से तीन में सेवा कर चुके हैं.


राजीव सचदेवा

### संगीता वर्मा

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (Competition Commission of India–CCI) ने 24 दिसम्बर, 2018 को संगीता वर्मा को CCI सदस्य के रूप में शामिल किए जाने की घोषणा की. संगीता 1981 बैच की IES (भारतीय आर्थिक सेवा) अधिकारी हैं. CCI का गठन अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता समेत तीन सदस्यों (जिसमें संगीता वर्मा भी शामिल हैं) के द्वारा हुआ है.

### रवनीत गिल

यस बैंक ने अनुभवी बैंकर रवनीत सिंह गिल को 24 दिसम्बर, 2018 अपना नया एमडी और सीईओ नियुक्त किया है 56 साल के गिल 1 मार्च, 2019 को बैंक के सह संस्थापक राणा कपूर की जगह लेंगे.

### संजय सेठी

केंद्र सरकार ने 28 दिसम्बर, 2018 को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजय सेठी को नवी मुम्बई स्थित जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास (JNPT) का अध्यक्ष नियुक्त किया. इस पद पर उनका कार्यकाल 5 वर्षों का होगा. जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास (पूर्व में न्हावा शेवा पत्तन), भारत का नम्बर-1 कंटेनर पत्तन है, जो भारत में सभी प्रमुख पत्तनों में लगभग 55 प्रतिशत कंटेनर कार्गो संचालित करता है.


संजय सेठी

### रोनोजॉय दत्ता

विमानन क्षेत्र की कम्पनी इंडिगो ने 25 जनवरी, 2019 को रोनोजॉय दत्ता को तत्काल प्रभाव से कम्पनी का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है. कम्पनी ने कम्पनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक, मेलेवेटिल दामोदरन की नियुक्ति को भी मंजूरी दी है. दत्ता अगले पाँच वर्ष तक कम्पनी के सीईओ के रूप में कार्य करेंगे.

### अमिताभ चौधरी

1 जनवरी, 2019 को अमिताभ चौधरी ने एक्सिस बैंक के नए प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में पदभार ग्रहण किया. इस पद पर उनका कार्यकाल 3 वर्ष होगा. इस पद पर इन्होंने शिखा शर्मा का स्थान लिया. अमिताभ चौधरी, एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के एमडी एवं सीईओ के रूप में कार्य कर चुके हैं.


अमिताभ चौधरी

### सौरभ कुमार

1 जनवरी, 2019 को सौरभ कुमार ने आयुध निर्माणी बोर्ड (OFB) के नए महानिदेशक एवं अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया. इस पद पर इन्होंने पी.के. श्रीवास्तव का स्थान लिया. भारतीय आयुध निर्माणियाँ सबसे पुरानी एवं सबसे बड़ा औद्योगिक ढाँचा है, जो रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के अंतर्गत कार्य करती है. आयुध निर्माणी बोर्ड का मुख्यालय कोलकाता में है.

### जयदीप गोविंद

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जयदीप गोविंद को 11 जनवरी, 2019 को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (National Human Rights Commission–NHRC) का नया महासचिव नियुक्त किया है. वह वर्ष 1984 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के अधिकारी हैं. इस पद पर वह अंबुज शर्मा का स्थान लेंगे. एनएचआरसी एक स्वायत्त विधिक संस्था है जिसकी स्थापना मानव अधिकारों की रक्षा हेतु मानव अधिकार अधिनियम, 1993 के तहत् हुई थी.


जयदीप गोविंद

किसी भी परीक्षा के लिए बेहतर नोट्स केवल SarkariHelp.com पर उपलब्ध

किसी भी परीक्षा के लिए बेहतर नोट्स केवल SarkariHelp.com पर उपलब्ध

### मनु साहनी

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् ( International Cricket Council–ICC) ने 15 जनवरी, 2019 को मनु साहनी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्ति किए जाने की घोषणा की. मनु आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद जुलाई माह में औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण करेंगे. वह इस पद पर पूर्व सीईओ डेविड रिचर्डसन का स्थान ग्रहण लेंगे.

### बी.वी.पी.राव

22 दिसम्बर, 2018 को भारतीय तीरंदाजी संघ का चुनाव पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी की देखरेख में हुआ. बी.वी.पी. राव को भारतीय तीरंदाजी संघ का अध्यक्ष चुना गया. सुनील शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि राजेंद्र सिंह तोमर और पूर्णिमा महतो को उपाध्यक्ष, चुना गया. असम कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राव ने इससे पूर्व पूर्वोत्तर राज्य के तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है.


बी.वी.पी.राव

### राजीव मेहता

21 दिसम्बर, 2018 को भारतीय तलवारबाजी संघ (FAI) के अध्यक्ष राजीव मेहता को दक्षिण एशियाई तलवारबाजी महासंघ (SAFF) का नया अध्यक्ष चुना गया है. इन दोनों पदों पर चयन हाल ही में हैदराबाद में संपन्न दक्षिण एशियाई तलवारबाजी महासंघ की बैठक में किया गया.

### कुमार राजेश चन्द्र

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 8 जनवरी, 2019 को कुमार राजेश चन्द्र को एसएसबी के महानिदेशक पद पर नियुक्त करने हेतु मंजूरी प्रदान की. इस पद पर वह सुरजीत सिंह (एस. एस.) देशवाल का स्थान ग्रहण करेंगे. वर्तमान में वह नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक पद पर कार्यरत् हैं.


कुमार राजेश चन्द्र

## पुरस्कार सम्मान

### प्रणब मुखर्जी, नानाजी देशमुख तथा भूपेन हजारिका को भारतरत्न

70वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति भवन की ओर से 25 जनवरी, 2019 को वर्ष 2019 में तीन हस्तियों– नानाजी देशमुख, भूपेन हजारिका और प्रणब मुखर्जी को भारतरत्न दिए जाने की घोषणा की गई. पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, मशहूर संगीतकार भूपेन हजारिका और आरएसएस से जुड़े नेता एवं समाजसेवी नानाजी देशमुख को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारतरत्न' से सम्मानित किया जाएगा. नानाजी देशमुख एवं भूपेन हजारिका को यह सम्मान मरणोपरांत प्रदान किया जाएगा.


प्रणब मुखर्जी


नानाजी देशमुख


भूपेन हजारिका

गौरतलब है कि भारतरत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है और यह सम्मान असाधारण राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है. इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल हैं. पहले इसमें खेल को शामिल नहीं किया गया था, लेकिन बाद में इसे सूची में शामिल किया गया है. इस सम्मान की स्थापना 2 जनवरी, 1954 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा की गई थी. प्रारंभ में इस सम्मान को मरणोपरांत देने का प्रावधान नहीं था, लेकिन वर्ष 1955 में बाद में यह प्रावधान जोड़ा गया. एक वर्ष में अधिकतम तीन व्यक्तियों को ही भारतरत्न दिया जा सकता है. सबसे पहले 1954 में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को भारतरत्न से सम्मानित किया गया था.

### लांस नायक नजीर अहमद वानी को मरणोपरांत अशोक चक्र सम्मान

देश की रक्षा करते हुए शहीद लांस नायक नजीर अहमद वानी को मरणोपरांत अशोक चक्र सम्मान से सम्मानित किया गया. उनकी पत्नी और माँ को 26 जनवरी, 2019 को गणतंत्र दिवस (Republic Day) के मौके पर यह सम्मान दिया गया. नजीर अहमद वानी को यह वीरता पुरस्कार दक्षिणी कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवाद निरोधक अभियान के लिए मिला है, जिसमें लश्कर और हिजबुल मुजाहिदीन के छह आतंकी मारे गए थे. वानी कश्मीर के पहले सैनिक हैं जिन्हें ये सम्मान दिया जा रहा है. कुलगाम तहसील के अश्मूजी गाँव के रहने वाले नजीर अहमद वानी एक समय खुद आतंकवादी थे. पर कुछ वक्त बाद ही उन्हें गलती का अहसास हुआ और वह आतंकवाद छोड़कर सेना में भर्ती हो गए.


नजीर अहमद वानी


गौरतलब है कि अशोक चक्र भारत का शांति के समय का सबसे ऊँचा वीरता का पदक है. यह सम्मान सैनिकों और असैनिकों को असाधारण वीरता, शूरता या बलिदान के लिए दिया जाता है. यह मरणोपरान्त भी दिया जा सकता है. अशोक चक्र राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है. इस सम्मान की स्थापना 4 जनवरी, 1952 को हुई थी.

### पद्म पुरस्कारों की घोषणा

लोक गायिका तीजनबाई, क्रिकेटर गौतम गंभीर और अभिनेता मनोज बाजपेयी समेत विभिन्न क्षेत्रों के 112 लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. तीजन बाई को पद्म विभूषण, जबकि गंभीर और मनोज वाजपेयी को पद्मश्री के लिए चुना गया है. इस्माइल उमर गुलेह, अनिल कुमार मणिभाई नाइक और बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे को पद्म विभूषण के लिए चुना गया. वहीं सुखदेव सिंह ढींढसा समेत 14 लोगों को पद्म भूषण और पहलवान बजरंग पुनिया और फुटबालर सुनील छेत्री समेत 94 लोगों को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा.


तीजनबाई


गौतम गंभीर


मनोज बाजपेयी

गौरतलब है कि पद्म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार आते हैं. हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों का ऐलान होता है. ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में केंद्र सरकार की ओर से दिए जाते हैं.

किसी भी परीक्षा के लिए बेहतर नोट्स केवल SarkariHelp.com पर उपलब्ध